देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 198 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 8 नवंबर 2020

**विचार–प्रवाह...**आतंकवाद की आड़ में इस्लाम को निशाना





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 14.0°

37244.59

2 सीक्रेट सर्विस ने बढ़ाई बाइडेन की सुरक्षा

7 सर्दियों में बढ़ जाता है साइनस का दर्द

## संक्षिप्त समाचार

### अर्णब गोस्वामी की न्यायिक रिमांड पर पुनर्विचार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी की पुलिस हिरासत के बजाय न्यायिक रिमांड के मैजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती देने वाली पुलिस की याचिका पर रायगढ़ जिले के अलीबाग में सेशन कोर्ट 9 नवंबर को सुनवाई करेगी। अलीबाग में डिस्ट्रिक्ट सेशन कोर्ट ने शनिवार को यह आदेश जारी किया। अदालत को सूचित किया गया था कि बंबई हाई कोर्ट इस समय मामले में गोस्वामी और दो अन्य आरोपियों, फिरोज शेख तथा नीतेश सारदा की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। उन्होंने अंतरिम जमानत की मांग की है और गोस्वामी की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए उसे चुनौती दी है।

### सुनारिया जेल से गुपचुप एक दिन के पैरोल पर बाहर आया राम रहीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोहतक। साध्वी यौनशोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद गुरमीत राम रहीम सिंह गिरफ्तारी के बाद जेल से पहली बार बाहर निकला। वह एक दिन के पैरोल पर 24 अक्टूबर को अपनी मां से गुरुग्राम अस्पताल में मिलने गया था। पुलिस गुपचुप तरीके से उसे पूरी सिक्योरिटी में वहां ले गई, लेकिन किसी को इसकी कानोंकान भनक तक नहीं लगी।

### नए इनोवेशन से देशवासियों की जिंदगी को बनाए आसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार आईआईटी दिल्ली 51वां दीक्षांत समारोह मना रहा है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी भी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत हुए। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्टूडेंट्स को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना बहुत बदलाव लेकर आया है। पोस्ट कोविड यानी कि कोरोना काल खत्म होने के बाद जिंदगी बहुत अलग होने वाली है। इसमें बहुत बड़ी भूमिका सिर्फ और सिर्फ टेक्नोलॉजी की होगी।

# कोरोना काल में इसरो का कमाल

## अंतरिक्ष में फिट कर दी भारत की 'आसमानी आंख'

- इसरो ने पीएसएलवी सी49 से 10 उपग्रहों को किया लॉन्च
- इसरो चीफ ने कहा– इस खास मिशन की सफलता से दीवाली का आनंद बढ़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीहरिकोटा। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने शनिवार दोपहर अपना पहला सैटलाइट लॉन्च कर दिया। यह लॉन्च दोपहर करीब 3:12 मिनट पर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से हुआ। इस लॉन्च में PSLV C49 रॉकेट अपने साथ EOS01 के रूप में प्राइमरी सैटलाइट ओर 9 दूसरे कमर्शल सैटलाइट ले गया। इसरो चीफ के सिवन ने कहा कि यह मिशन इसरो के लिए बेहद खास है। इसे वर्क फ्रॉम होम से नहीं किया जा सकता था। इसके लिए इंजिनियरों और लैब टेक्नीशन ने साथ मिलकर काम किया।

डॉ के सिवन ने कहा कि कोरोना काल में यह हमारा पहला लॉन्च इस मुश्किल वक्त में हम सावधानी बरतते हुए और सफलताएं हासिल करेंगे। इस सफलता से दीवाली का आनंद बढ़ा।

बताया गया कि पहले इसे लॉन्च करने का टाइम दोपहर 3 बजकर 2 मिनट रखा गया था लेकिन ऐन मौके पर इसरो ने समय में बदलाव करते हुए इसे 10 मिनट बढ़ा दिया। इस लॉन्च के साथ इसरो 328 विदेशी सैटलाइट अंतरिक्ष में भेजने में कामयाब रहा। इसके साथ जाने वाले 9 कमर्शल सैटलाइट विदेशी हैं। इसके अलावा यह इसरो का 51वां मिशन है। यह भी गौर करने की बात है कि कोरोना शुरू होने के बाद यह इसरो का पहला स्पेस मिशन है।



**यहां हुआ लॉन्च का लाइव प्रसारण:** इसरो ने अपने इस लॉन्च का लाइव टेलिकास्ट अपनी वेबसाइट, यूट्यूब चौनल, फेसबुक और ट्विटर पेज पर भी किया था। कोरोना की वजह से मार्च से ही इसरो की लगभग सभी गतिविधियां रुक सी गई थीं। लेकिन अब इसरो दिसंबर में होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित नए रॉकेट स्मॉल सैटलाइट लॉन्च वीइकल का पहला प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहा है। कोरोना की बंदिशों के पहले जनवरी 2020 को इसरो ने PSLV C48 लॉन्च किया था जो RISAT&2BR1 लेकर स्पेस में गया था।

**क्या बोले इसरो चीफ:** इसरो चीफ के सिवन ने कहा कि यह मिशन इसरो के लिए बेहद खास और असामान्य है। उन्होंने कहा कि स्पेस के काम वर्क फ्रॉम होम के जरिए नहीं किए जा सकते हैं। हर इंजिनियर को लैब में रहना पड़ता है। जब इस तरह के मिशन के बारे में बातचीत की जाती है तो हर टेक्नीशन और कर्मचारी को साथ काम करना पड़ता है।

### EOS01 की ये हैं खूबियां

इस लॉन्च में प्राइमरी सैटलाइट EOS01 एक रेडार इमेजिंग सैटलाइट है। यह अडवांस्ड रिसैट है जिसका सिंथैटिक अपरचर रेडार बादलों के पार भी देख सकेगा। दिन हो या रात या कोई भी मौसम हो यह हर समय कारगर साबित होगा। इससे मिलिटरी सर्विलांस में मदद तो मिलेगी ही साथ ही खेती, वानिकी, मिट्टी की नमी मापने, भूगर्भ शास्त्र और तटों की निगरानी में भी यह सहायक साबित होगा।

# मां गंगा के सम्मान के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे

## आम आदमी पार्टी ने बाल आयोग के बाहर गलत नोटिस भेजने पर किया प्रदर्शन

**संवाददाता**

देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया व प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर द्वारा माँ गंगा के सम्मान मे आवाज उठाने जाने पर भाजपा सरकार द्वारा तानाशाही पूर्ण तरीके से बाल संरक्षण आयोग मे तलब करने के विरोध मे राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी के बीच प्रदर्शन किया और कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही का पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा और सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सुद्धोवाला स्थित कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए और वहां पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया व प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर द्वारा माँ गंगा के सम्मान मे आवाज उठाने जाने पर भाजपा सरकार द्वारा तानाशाही पूर्ण तरीके से बाल अधिकार संरक्षण आयोग मे तलब करने के विरोध मे जोरदार प्रदर्शन किया।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा आप नेताओं पर द्वेष की भावना से प्रेरित होकर कार्रवाई की जा रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। इस अवसर पर मौके पर भारी पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी सरकार पर झूठे मुकदमे करने का आरोप लगाया है और कहा कि लगातार आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर निशाना साधा जा रहा है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मां गंगा का अपमान नहीं सहेंगे और मां गंगा के अपमान पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

# देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त यशवर्धन कुमार सिन्हा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यशवर्धन कुमार सिन्हा ने शनिवार को मुख्य सूचना आयुक्त के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सिन्हा को शपथ दिलाई।

इस साल 26 अगस्त को बिमल जुल्का का कार्यकाल पूरा होने के बाद दो महीने से ज्यादा समय से मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली पड़ा था। सिन्हा ने एक जनवरी 2019 को सूचना आयुक्त का पद संभाला था। वह ब्रिटेन और श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। बतौर सीआईसी, 62 वर्षीय सिन्हा का कार्यकाल करीब तीन वर्षों का होगा।

**5 वर्ष तक का होता है ये पद** सीआईसी या सूचना आयुक्त की नियुक्ति पांच वर्ष के लिए या 65 वर्ष की आयु पूरी होने तक के लिए की जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति द्वारा सिन्हा का चयन किया गया है। मोदी के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और गृह मंत्री अमित शाह इस समिति के सदस्य हैं।

**सिन्हा के अलावा इन लोगों ने ली शपथ:** सिन्हा के अलावा इस समिति ने पत्रकार उदय माहुरकर, पूर्व श्रम सचिव हीरा लाल सामारिया और पूर्व उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सरोज पुन्हानी को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। अपने शपथ ग्रहण के बाद सिन्हा ने इन तीन लोगों को शपथ दिलाई। माहुरकर, सामारिया और पुन्हानी के शामिल होने के साथ ही सूचना आयुक्तों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी जबकि उनकी स्वीकृत क्षमता 10 है। सूचना आयोग में अब भी तीन सूचना आयुक्तों के पद खाली है।

**चुनाव**

- 2 महीने से खाली पड़ा था पद

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# एमफिल ड्रॉपआउट जुबैर वानी हिजबुल का नया कमांडर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। देहरादून कॉलेज से एमफिल ड्रॉपआउट जुबैर वानी ने भारतीय सुरक्षा बलों की गोली पर अपना नाम लिखवा लिया है। जुबैर कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन का नया कमांडर बना है। पिछले रविवार को हिजबुल चीफ सैफुल्लाह मीर को एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था। मीर को मई में रियाज नायकू के मारे जाने के बाद कमांडर बनाया गया था। यानी पिछले छह महीनों में जुबैर इस आतंकी संगठन का तीसरा कमांडर है। 31 साल का जुबैर 2018 में हिजबुल से जुड़ा था। उसका परिवार दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले के देहरूना गांव का रहने वाला है। पांच भाई–बहनों में केवल वानी ही पढ़ा–लिखा है और उसने आतंका का रास्ता चुना।

**देहरादून कॉलेज से एमफिल ड्रॉपआउट है जुबैर**

सूत्रों के मुताबिक, वानी ने अशरफ मौलवी उर्फ अशरफ खान को सुपरसीड करके कमांडर की जगह हासिल की है। हिजबुल के आतंकियों में अशरफ सबसे सीनियर है लेकिन किडनी की समस्या से जूझ रहा है।